निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

13 भाद्र 1935 (श0)

(सं0 पटना 694) पटना, बुधवार, 4 सितम्बर 2013

पर्यावरण एवं वन विभाग

अधिसूचनाएं

27 अगस्त 2013

बिहार अवर वन सेवा नियमावली, 2013

सं0 वन अरा०स्था०– 14 / 2012–**3060** / प०व०—भारत के संविधान के अनुच्छेद–309 के परन्तुक में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल, पर्यावरण एवं वन विभाग के अन्तर्गत वनपाल एवं वनरक्षी संवर्ग के भर्ती एवं अन्य सेवा शर्तों को विनियमित करने के निमित्त निम्नलिखित नियमावली निरूपित करते हैं;

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ । – (1) यह नियमावली ''बिहार अवर वन सेवा नियमावली, 2013'' कही जा सकेगी।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण बिहार राज्य में होगा।

(3) यह बिहार गजट में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।

2. परिभाषायें । – इस नियमावली में जबतक किसी संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो–

(क) 'अवर वन सेवा' में बिहार राज्य में पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार के अधीनस्थ सभी स्थापनाओं में कार्यरत वनरक्षी एवं वनपालों को सम्मिलित करते हुए वनरक्षी एवं वनपाल के संवर्ग शामिल होंगे;

(ख) ''वनरक्षी'' से अभिप्रेत है इस नियमावली के नियम 7 क में विनिर्दिष्ट संवर्ग के कार्मिक;

(ग) 'वनपाल' से अभिप्रेत है इस नियमावली के नियम 7 ख में विनिर्दिष्ट संवर्ग के कार्मिक;

(घ) ''नियुक्ति प्राधिकार'' से अभिप्रेत है इस नियमावली के नियम 8 में विनिर्दिष्ट प्राधिकार;

(ङ) ''वन प्रमण्डल पदाधिकारी'' से अभिप्रेत है बिहार राज्य में वन प्रमण्डलों के प्रभारी पदाधिकारी;

(च) ''वन संरक्षक'' से अभिप्रेत है बिहार राज्य में वन अंचलों के प्रभारी पदाधिकारी;

(छ) ''परिवीक्षाधीन'' से अभिप्रेत है वनपाल एवं वनरक्षी संवर्ग में परीक्ष्यमान रूप से नियुक्त व्यक्ति;

(ज) 'प्रधान मुख्य वन संरक्षक' से अभिप्रेत है पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार में प्रधान मुख्य वन संरक्षक के रूप में पदस्थापित तथा 'बल के प्रमुख' के रूप में कार्यरत पदाधिकारी;

(झ) ''आयोग'' से अभिप्रेत है बिहार कर्मचारी चयन आयोग अथवा कार्मिकों के चयन एवं आनुषंगी विषयों के सम्पादन के निमित्त पर्यावरण एवं वन विभाग के द्वारा निर्धारित कोई अन्य अभिकरण;

(ञ) राज्य सरकार से अभिप्रेत है ''बिहार सरकार''।

3. सेवा का गठन। – बिहार राज्य में पर्यावरण एवं वन विभाग के अधीन अवर वन सेवा होगी जिसमें दो संवर्ग के कार्मिक होंगे :–

(क) वनरक्षी;

(ख) वनपाल।

परन्तु यह कि राज्य सरकार उपर्युक्त कोटि के कार्मिकों के अतिरिक्त किसी अन्य कोटि के कार्मिकों को भी इन संवर्गों में शामिल कर सकने के लिए आवश्यक अर्हत्ताओं का निर्धारण कर सकेगी।

4. संवर्ग । – वनपाल एवं वनरक्षी दोनों का संवर्ग राज्यस्तरीय होंगे जिसमें पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार के अधीनस्थ सभी स्थापना इकाईयां होंगी।

5. आरक्षण । – बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं अृन्य पिछड़े वर्गो के लिये) अधिनियम 1991 एवं इसके अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विहित नियमावली एवं रोस्टर नियुक्ति एवं प्रोन्नतियों पर लागू होंगे।

6. संवर्ग का अधिकृत बल । – वनरक्षी तथा वनपाल संवर्गो के अधिकृत बल आवश्यकतानुसार पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा निर्धारित किया जाएगा। वनरक्षी एवं वनपाल के पद पर पूर्व से कार्यरत कर्मी अपने संबंधित संवर्ग बल में सम्मिलित माने जायेंगे।

7. नियुक्ति–क–वनरक्षी संवर्ग में नियुक्ति । –

(i) वनरक्षी संवर्ग में नियुक्ति सीधी भर्त्ती से की जाएगी।

(ii) नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अर्हत्ता तथा प्रक्रिया इस नियमावली के परिशिष्ट 'क' के अनुसार होंगी।

(iii) नियुक्ति परिवीक्षा पर होगी जो दो वर्षों की होगी। अगर परिवीक्षा पर नियुक्त कर्मी की कार्य अनुपालन के आधार पर मूल्यांकित सेवा एवं आचार संतोषप्रद नहीं पाया जायेगा एवं/या वह नियम 9 (i) के अंतर्गत सेवाकालीन वृत्तीय प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूरा नहीं कर पाता है तो परिवीक्षा अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकेगी। अगर परिवीक्षा पर नियुक्त कर्मी की कार्य अनुपालन के आधार पर मूल्यांकित सेवा एवं आचार विस्तारित अवधि में भी संतोषप्रद नहीं हो तो उसे सेवान्मोचित कर दिया जायेगा।

(iv) परिवीक्षा अवधि के उपरान्त परीक्ष्यमान कर्मी के कार्य अनुपालन एवं आचार का मूल्यांकन प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा गठित अंचल स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा जिसकी अनुशंसा पर कि परिवीक्षाधीन का सेवा संतोषप्रद है, नियुक्ति प्राधिकार द्वारा उसकी नियुक्ति सम्पुष्टि की जायेगी :

परन्तु यदि परिवीक्षा पर नियुक्त कर्मी द्वारा नियुक्ति के तत्काल बाद परिवीक्षा अवधि में प्रशिक्षण प्राप्त न किया जा सके, तो उसकी नियुक्ति की संपुष्टि तत्संबंधी नियम–9 (i) के तहत सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर लेने के उपरान्त ही किया जा सकेगा।

ख– वनपाल संवर्ग में नियुक्ति–

(i) वनपाल संवर्ग के स्वीकृत बल का अधिकतम 50 प्रतिशत सीधी भर्त्ती से तथा शेष अधिकृत बल वनरक्षी संवर्ग से प्रोन्नति द्वारा भरी जायेंगी।

(ii) नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अर्हता तथा प्रक्रिया इस नियमावली के परिशिष्ट 'ख' के अनुसार होंगी।

(iii) सीधी नियुक्ति परिवीक्षा पर होगी जो दो वर्षों की होगी। अगर परिवीक्षा पर नियुक्त कर्मी की कार्य अनुपालन के आधार पर मूल्यांकित सेवा एवं आचार संतोषप्रद नहीं पाया जायेगा एवं/या वह नियम 9 (ii) के अंतर्गत सेवाकालीन वृत्तीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा नहीं कर पाता है तो परिवीक्षा अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकेगी। अगर परिवीक्षा पर नियुक्त कर्मी की कार्य अनुपालन के आधार पर मूल्यांकित सेवा एवं आचार विस्तारित अवधि में भी संतोषप्रद नहीं हो तो उसे सेवोन्मोचित कर दिया जायेगा।

(iv) परिवीक्षा अवधि के उपरान्त परीक्ष्यमान कर्मी के कार्य अनुपालन एवं आचार का मूल्यांकन प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा गठित अंचल स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा तथा जिसकी अनुशंसा पर कि परिवीक्षाधीन की सेवा संतोषप्रद्र है, उसकी नियुक्ति प्राधिकार द्वारा की जायेगी :

परन्तु यह कि यदि परिवीक्षा पर नियुक्त कर्मी द्वारा नियुक्ति के तत्काल बाद परिवीक्षा अवधि में प्रशिक्षण प्राप्त न किया जा सके तो उसकी नियुक्ति की संपुष्टि तत्संबंधी नियम–9 (ii) के तहत सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर लेने के उपरान्त ही किया जा सकेगा।

8. नियुक्ति प्राधिकार । –

(क) वनरक्षी संवर्ग हेतु वन प्रमण्डल पदाधिकारी नियुक्ति प्राधिकार होंगे।

(ख) वनपाल संवर्ग हेतु वन संरक्षक नियुक्ति प्राधिकार होंगे।

9. प्रशिक्षण । –

(i) नियम 7.क के तहत वनरक्षी के रूप में नियुक्त प्रत्येक परिवीक्षाधीन को एक वर्ष का सेवाकालीन वृत्तीय प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। इसमें छह (6) माह की अवधि का सांस्थिक प्रशिक्षण एवं छह (6) माह की अवधि का क्षेत्रीय प्रशिक्षण शामिल होगा।

(ii) नियम 7.ख के तहत वनपाल के रूप में नियुक्त प्रत्येक परिवीक्षाधीन को दो वर्ष का सेवाकालीन वृत्तीय प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। इसमें एक वर्ष की अवधि का सांस्थिक प्रशिक्षण एवं एक वर्ष की अवधि का क्षेत्रीय प्रशिक्षण शामिल होगा।

(iii) वनरक्षी से वनपाल के पद पर प्रोन्नति द्वारा नियुक्त कर्मी को उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया जायेगा जो तीन माह से कम अवधि का नहीं होगा।

(iv) ऊपर उल्लिखित सेवा कालीन वृत्तीय प्रशिक्षण तथा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम का निर्धारण, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा विहित रीति से तद्संबंधी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जायेगा। तैराकी एवं शस्त्रचालन, सेवाकालीन प्रशिक्षण के अनिवार्य अंग होंगे।

10. वरीयता । – वनरक्षी तथा वनपाल संवर्गों की वरीयता सूचियों का संधारण राज्य स्तर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा किया जायेगा तथा इन्हीं सूचियों के आधार पर ही उच्चतर सोपान पर प्रोन्नति हेतु विचार किया जायेगा।

(क) वनरक्षी :

(i) सीधी भर्त्ती से एक समव्यवहार में नियुक्त वनरक्षियों की आपसी वरीयता आयोग द्वारा तैयार की गई मेघा क्रमानुसार होगी।

(ii) वनरक्षियों को आयोग द्वारा दिये गये कुल प्राप्तांक समान होने की स्थिति में ऐसे वनरक्षियों में उम्र (मैट्रिक या समतुल्य परीक्षा के प्रमाण–पत्र के आधार पर जन्म तिथि), वरीयता का आधार होगी एवं अधिक उम्र के वनरक्षी, कम उम्र के वनरक्षी से वरीय होंगे।

(ख) वनपाल :

(i) सीधी भर्त्ती से एक साथ संवर्ग में नियुक्त कर्मियों की आपसी वरीयता आयोग द्वारा तैयार की गई मेघा क्रमानुसार होगी।

(ii) प्रोन्नति द्वारा एक साथ नियुक्त वनपालों की आपसी वरीयता वनरक्षी के रूप में धारित उनकी आपसी वरीयता के अनुसार होगी।

(iii) वनपाल के पद पर एक ही वर्ष की रिक्तियों के विरूद्ध सीधी भर्त्ती एवं प्रोन्नति से नियुक्त होने वाले वनपालों में प्रोन्नति द्वारा नियुक्त वनपाल सीधी भर्त्ती द्वारा नियुक्त वनपालों से वरीय होंगे।

11. वेतनमान। –

(i) वनरक्षी संवर्ग को सरकार द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित वेतनमान एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

(ii) वनपाल संवर्ग को सरकार द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित वेतनमान एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

12. वर्दी एवं बैज आदि । –

(i) वनरक्षी तथा वनपाल के संवर्ग वर्दीधारी सेवा संवर्ग होगें। उनके द्वारा परिशिष्ट ''ग'' में यथा वर्णित वर्दी एवं रैंक आधारित बैज, आदि धारण किये जायेंगे।

(ii) वनरक्षी एवं वनपाल गृह (आरक्षी) विभाग के अधीन सिपाही एवं आरक्षी अवर निरीक्षक के लिये समय–समय पर अनुमान्य वार्षिक वर्दी भत्ता के समतुल्य राशि भुगतान के हकदार होंगे।

13. प्रोन्नति । –

(i) वनरक्षी सम्वर्ग से प्रोन्नति का अगला पद वनपाल का होगा। वनपाल संवर्ग से प्रोन्नति का अगला पद वनों के क्षेत्र पदाधिकारी का होगा।

(ii) वनरक्षी से वनपाल के पद पर एवं वनपाल से वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति हेतु कालावधि सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–1800, दिनांक 09.06.2011 द्वारा निर्धारित कोटि–वेतन आधारित कालावधि के अनुसार होगी एवं उक्त संकल्प के प्रावधानानुसार कालावधि में आवश्यकतानुसार छूट दी जा सकेगी।

14. पदस्थापन/स्थानान्तरण । –

(i) सीधे या प्रोन्नति द्वारा नियुक्त वनरक्षी एवं वनपाल को विभिन्न वन प्रमंडलों एवं अंचलों को रिक्तियों के अनुसार नियुक्ति हेतु आवंटित किया जायेगा। नियुक्ति प्राधिकार द्वारा नियुक्ति के पश्चात् प्रशिक्षण एवं पदस्थापन की कार्रवाई की जायेगी।

(ii) वनरक्षी एवं वनपाल का पदस्थापन एक वन प्रमंडल में अधिकतम छह वर्षो, एक अंचल में अधिकतम नौ वर्षो तथा एक रीजन में अधिकतम पन्द्रह वर्षो के लिये किया जा सकेगा, परन्तु प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा प्रशासनिक कारणों से सम्पूर्ण राज्य में किसी भी समय किसी भी वनरक्षी या वनपाल का स्थानान्तरण एवं पदस्थापन किया जा सकेगा।

15 अनुशासन, नियंत्रण एवं अपील। –

(i) बिहार अवर वन संवर्ग के कार्मिकों के संदर्भ में अनुशासनिक कार्रवाई/नियंत्रण, वर्गीकरण एवं अपील संबंधी मामलों का विनियमन बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 समय–समय पर यथा संशोधित में निहित प्रावधानों के अनुरूप होगा।

(ii) इस नियमावली में विशिष्ट रूप से प्रावधानित नहीं किये गये सेवा शर्त्त, बिहार सेवा संहिता एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अन्य निर्णयों से नियंत्रित होंगे।

16. निर्वचन । – यदि इन नियमों के निर्वचन में कोई संदेह हो, तो उसे सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा जिसपर सरकार का विनिश्चय अंतिम होगा।

17. कठिनाई निराकरण की शक्ति। –इस नियमावली के प्रावधानों में से किसी को प्रभावी करने में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो राज्य सरकार राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा, इस नियमावली के प्रावधानों से असंगत न हो ऐसा प्रावधान कर सकेगी जो कठिनाईयों के निराकरण के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो।

18. नियम का विधान मंडल के समक्ष रखा जाना । – नियम बनाये जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, विधान मंडल के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल चौदह दिनों की अवधि के लिये रखा जायेगा। यह अवधि एक सत्र या दो या उससे अधिक लगातार सत्रों में पूरी हो सकेगी। यदि उस सत्र के या उपर्युक्त अनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद वाले सत्र के सत्रावसान से पहले, सदन उस नियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाए अथवा सदन इस बात के लिए सहमत हो कि यह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह निष्प्रभाव हो जाएगा, किन्तु ऐसे परिवर्तन या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहल की गई किसी बात की विधि मान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

19. निरसन एवं व्यावृति । –

(1) इस नियमावली के प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व इस विषय में प्रवृत्त सभी आदेशों/नियमों जहां तक वह इस नियमावली के प्रावधानों से असंगत हों, को निरसित किया जाता हैः

परंतु इस विषय में पूर्व में प्रवृत्त नियमों/आदेशों के अन्तर्गत किये गये ऐसे सभी कार्य, जो इस नियमावली के प्रारम्भ की तिथि से पहले किये गये हों, के संबंध में माना जायेगा कि वे इस नियमावली के प्रावधानों के अंतर्गत किये गये हैं, जैसा कि यह नियमावली ऐसे कार्य के करने के समय प्रवृत्त हो।

(2) उप–नियम (1) के अधीन उस निरसन के होते हुए भी तथा उस हद तक कि वे इस नियमावली के विरूद्ध न हों, उसके अधीन प्रोद्भूत अथवा प्रोद्भूत माना गया कोई, अधिकार एवं उनके अधीन उपगत दायित्व प्रभावित नहीं होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
दीपक कुमार सिंह,
सरकार के सचिव।

परिशिष्ट–'क'
नियम–7 क देखें

वनरक्षी कोटि में नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अर्हत्ता तथा प्रक्रिया

1. वनरक्षी कोटि के शत प्रतिशत पद सीधी भर्त्ती द्वारा, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन करते हुए, भरे जायेगें;

2. बिहार अवर वन सम्वर्ग के अधीन वनरक्षी के पद पर सीधी भर्ती (पुरूष/महिला श्रेणी) आयोग की अनुशंसा से होगी। आयोग द्वारा उपर्युक्त अभ्यर्थियों के चयन हेतु, पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार सरकार द्वारा की गई अधियाचना के आलोक में, प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी;

3. विभाग द्वारा दी गयी अधियाचना के आधार पर आयोग समय–समय पर, इस तरह से जैसा कि वह उचित समझे, इस सेवा की, आरक्षण कोटिवार, रिक्तियों को सीधी भर्ती द्वारा भरने की घोषणा करेगा;

परंतु यह और कि कुछ पदों को, राज्य सरकार के निर्णयानुसार, खिलाड़ियों/भूतपूर्व सैनिकों आदि के लिये कर्णाकिंत किये जाने पर आयोग इन्हें भी घोषित करेगा;

परंतु यह कि ऐसे सरकारी सेवक, जिनकी सेवाकाल में मृत्यु हो गयी हो, के आश्रितों को अनुकम्पा पर नियुक्ति के लिये आयोग की अनुशंसा अपेक्षित नहीं होगी। इस कोटि में नियुक्ति, जो सभी आवश्यक अर्हतायें धारित करते हैं, सरकार द्वारा इस उद्देश्य से निर्मित प्रावधानों के तहत की जायेगी।

4. **उम्र सीमा, शैक्षणिक योग्यता तथा शारीरिक मापदण्ड :–**

(i) **उम्र सीमा**

प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी की आयु निम्नवत रहेगी :

सामान्य	–	न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 23 वर्ष
पिछड़ा/अत्यंत पिछड़ा जाति	–	न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 25 वर्ष
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	–	न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 28 वर्ष

ऐसे कार्यरत सरकारी सेवक, जिन्होंने नियमित सेवा में न्यूनतम तीन वर्षो की अवधि पूरी कर ली हो जो इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेना चाहें, उनके लिये आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्षो की छूट दी जायेगी। अभ्यर्थी की आयु की गणना मैट्रिकुलेशन अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण–पत्र में अंकित जन्मतिथि के आधार पर की जायेगी।

(ii) **शैक्षणिक योग्यता**

वनरक्षी के पद पर नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक अथवा समकक्ष होगी जो मान्यता प्राप्त बोर्ड से होनी आवश्यक है।

(iii) शारीरिक मापदंड

पुरूष उम्मीदवार

क्रमांक	शारीरिक प्रमाप	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	अन्य
(क)	न्यूनतम ऊंचाई	160 सेंटीमीटर	165 सेंटीमीटर
(ख)	न्यूनतम सीना (बिना फुलाए)	79 सेंटीमीटर	81 सेंटीमीटर
(ग)	सीना का न्यूनतम फुलाव	05 सेंटीमीटर	05 सेंटीमीटर
(घ)	पैदल चलने की क्षमता	4 घंटे में 25 किलोमीटर	4 घंटे में 25 किलोमीटर

महिला उम्मीदवार

क्रमांक	शारीरिक प्रमाप	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	अन्य
(क)	न्यूनतम ऊंचाई	155 सेंटीमीटर	160 सेंटीमीटर
(ख)	पैदल चलने की क्षमता	4 घंटे में 14 किलोमीटर	4 घंटे में 14 किलोमीटर

(iii) सरकारी सेवक जो इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु इच्छुक हों एवं आवश्यक अहर्त्ताएं धारण करते हों, वे अपना आवेदन पत्र ''बिहार सरकारी सेवा (पदों के लिये आवेदन) नियम, 1951'' के प्रावधानों के अन्तर्गत समर्पित करेगें।

(iv) सरकारी सेवा में प्रवेश के इच्छुक नये अभ्यर्थियों हेतु प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने के लिये, अधिकतम आयु के बन्धेज के अधीन, अवसरों की कोई सीमा नहीं होगी।

5. प्रतियोगिता परीक्षा में निम्नलिखित दो चरण होंगे–

(क) लिखित परीक्षा

(ख) शारीरिक परीक्षण

(क) लिखित परीक्षा

आयोग द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन बिहार कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा नियुक्ति हेतु ली जाने वाली परीक्षाओं के लिये संचालन नियमावली, 2010 (समय–समय पर यथा संशोधित) के अनुसार की जायेगी।

(ख) शारीरिक परीक्षण

लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर आयोग द्वारा एक मेधा सूची तैयार की जायेगी। मेधा सूची में सामान्य वर्ग एवं विभिन्न आरक्षण कोटियों में उपलब्ध रिक्तियों के आलोक में अभ्यर्थियों की संख्या का अनुपात आयोग द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

मेधा सूची में स्थान पाये उम्मीदवारों का शारीरिक परीक्षण कराया जायेगा जिसमें इस परिशिष्ट के नियम 4 (iii) के अनुसार शारीरिक मापदंड की जाँच के अतिरिक्त मेडिकल जाँच भी की जायेगी। शारीरिक परीक्षण प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। स्थान, तिथि तथा परीक्षण की प्रक्रिया आयोग द्वारा निर्धारित की जायेगी, जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से, या जैसा कि आयोग उचित समझे, दी जायेगी।

6. **<u>आयोग द्वारा सरकार को अनुशंसा</u>**

(i) शारीरिक परीक्षण में सफल अम्यर्थियों का, लिखित परीक्षा के आधार पर आयोग, अधियाचित रिक्तियों के अनुसार, सरकार द्वारा विहित आरक्षण कोटिवार एक अंतिम मेधा सूची तैयार करेगा एवं उसे प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार को नियुक्ति हेतु अनुशंसित करेगा।

(ii) बिहार राज्य के वन प्रमण्डलों में सम्बन्धित नियुक्ति पदाधिकारियों द्वारा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, द्वारा विहित रीति से, आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जायगी एवं उन्हें सेवाकालीन वृत्तीय प्रशिक्षण हेतु भेजा जायेगा।

(iii) नियुक्ति के पूर्व चयनित अभ्यर्थियों के संबंध में यह संपुष्टि कर ली जायेगी कि उनका आरक्षी विभाग से सत्यापन प्राप्त किया जा चुका है।

7. अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की विभाग में वनरक्षी के पद पर नियुक्ति ''परिवीक्षाधीन'' के रूप में होगी। उन्हें विभाग द्वारा निर्धारित अवधि एवं पाठ्यक्रम के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। परिवीक्षा अवधि दो वर्षों की होगी;

परंतु यह कि यदि कोई वनरक्षी परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरा नहीं करता है अथवा राज्य सरकार/विभाग द्वारा नियमानुसार निर्धारित प्रशिक्षण में उत्तीर्ण नहीं होता है, तो नियुक्ति प्राधिकारी उसकी परिवीक्षा अवधि को अधिकतम एक वर्ष तक बढ़ा सकेंगे एवं वनरक्षी को पुनः प्रशिक्षण का अवसर देगें, परन्तु यदि द्वितीय अवसर दिये जाने पर भी वह प्रशिक्षण में असफल होते हैं तो उनकी सेवा को समाप्त कर दिया जायेगा।

8. वानिकी से संबंधित विषयों का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा तैयार किया जायेगा।

9. (i) परिवीक्षा अवधि में वनरक्षी को सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित वेतनमान एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

(ii) परिवीक्षा अवधि को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वनरक्षी की सेवा की सम्पुष्टि नियम 7 क (iv) में यथानिर्धारित प्रक्रियानुसार की जायेगी।

परिशिष्ट–'ख'

नियम–7 ख देखें

वनपाल कोटि में नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अर्हत्ता तथा प्रक्रिया

1. वनपाल की नियुक्ति निम्नलिखित रीति से की जायेगी :–

(i) वनपाल कोटि के कुल स्वीकृत बल के अधिकतम पचास प्रतिशत पद सीधी भर्त्ती द्वारा तथा शेष पद वनरक्षी के पद से प्रोन्नति द्वारा भरे जायेंगे। यह भर्ती राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नीति के अनुसार की जायेगी।

(ii) सीधी भर्त्ती से नियुक्ति इस परिशिष्ट के भाग (क) में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी।

(iii) वनरक्षी से वनपाल के पद पर प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति इस परिशिष्ट के भाग (ख) में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार की जायगी।

(क) सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति

2. वनपाल के संवर्ग में सीधी भर्ती (पुरूष/महिला श्रेणी) आयोग की अनुशंसा से की जायेगी।

3. आयोग द्वारा इस प्रयोजनार्थ, पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार सरकार द्वारा की गई अधियाचना के आलोक में, प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी।

4. विभाग द्वारा दी गयी अधियाचना के आधार पर आयोग समय–समय पर, इस तरह से जैसा कि वह उचित समझे, इस सेवा की, आरक्षण कोटिवार, रिक्तियों को सीधी भर्ती द्वारा भरने की घोषणा करेगा;

परंतु यह कि कुछ पदों को, राज्य सरकार के निर्णयानुसार, खिलाड़ियों/भूतपूर्व सैनिकों आदि के लिये कर्णाकिंत किये जाने पर आयोग इन्हें भी घोषित करेगा।

5. **उम्र सीमा, शैक्षणिक योग्यता तथा शारीरिक मापदण्ड**

(i) **उम्र सीमा**

प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी की आयु निम्नवत रहेगीः

सामान्य –	न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 25 वर्ष
पिछड़ा/अत्यंत पिछ़ड़ा जाति –	न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 27 वर्ष
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति –	न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 30 वर्ष

ऐसे कार्यरत सरकारी सेवक जिन्होंने नियमित सेवा में न्यूनतम तीन वर्षो की अवधि पूरी कर ली हो एवं जो इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेना चाहें, उनके लिये आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्षो की छूट दी जायेगी। अभ्यर्थी की आयु की गणना मैट्रिकुलेशन अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण–पत्र में अंकित जन्मतिथि के आधार पर की जायेगी।

(ii) **शैक्षणिक योग्यता**

वनपाल के पद पर भर्त्ती हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/ काउन्सिल से इन्टर विज्ञान अथवा समकक्ष होगी।

(iii) **शारीरिक मापदंड**

पुरूष उम्मीदवार

क्रमांक	शारीरिक प्रमाप	अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति	अन्य
(क)	न्यूनतम ऊंचाई	160 सेंटीमीटर	165 सेंटीमीटर
(ख)	न्यूनतम सीना (बिना फुलाए)	79 सेंटीमीटर	81 सेंटीमीटर
(ग)	सीना का न्यूनतम फुलाव	05 सेंटीमीटर	05 सेंटीमीटर
(घ)	पैदल चलने की क्षमता	4 घंटे में 25 किलोमीटर	4 घंटे में 25 किलोमीटर

महिला उम्मीदवार

क्रमांक	शारीरिक प्रमाप	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	अन्य
(क)	न्यूनतम ऊंचाई	155 सेंटीमीटर	160 सेंटीमीटर
(ख)	पैदल चलने की क्षमता	4 घंटे में 14 किलोमीटर	4 घंटे में 14 किलोमीटर

(iv) वे सरकारी सेवक जो इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु इच्छुक हों एवं आवश्यक अर्हत्ताएं धारण करते हों, वे अपना आवेदन पत्र ''बिहार सरकारी सेवा (पदों के लिये आवेदन) नियम, 1951'' के प्रावधानों के अन्तर्गत समर्पित करेगें।

(v) सरकारी सेवा में प्रवेश के इच्छुक नये अभ्यर्थियों हेतु प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने के लिये, अधिकतम आयु के बन्धेज के अधीन, अवसरों की कोई सीमा नहीं होगी।

6. प्रतियोगिता परीक्षा में निम्नलिखित दो चरण होंगे–

क. लिखित परीक्षा

ख. शारीरिक परीक्षण

क. लिखित परीक्षा

आयोग द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन बिहार कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा नियुक्ति हेतु ली जाने वाली परीक्षाओं के लिये संचालन नियमावली, 2010 (समय–समय पर यथा संशोधित) के अनुसार की जायेगी।

ख. शारीरिक परीक्षण

लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर आयोग द्वारा एक मेधा सूची तैयार की जायेगी। मेधा सूची में सामान्य वर्ग एवं विभिन्न आरक्षण कोटियों में उपलब्ध रिक्तियों के आलोक में अभ्यर्थियों की संख्या का अनुपात आयोग द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

मेधा सूची में स्थान पाये उम्मीदवारों का शारीरिक परीक्षण कराया जायेगा जिसमें इस परिशिष्ट के नियम 5 (iii) के अनुसार शारीरिक मापदंड की जाँच के अतिरिक्त मेडिकल जाँच भी की जायेगी। शारीरिक परीक्षण प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। स्थान, तिथि तथा परीक्षण की प्रक्रिया आयोग द्वारा निर्धारित की जायेगी, जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से, या जैसा कि आयोग उचित समझे, दी जायेगी।

7. <u>आयोग द्वारा सरकार को अनुशंसा</u>

(i) शारीरिक परीक्षण में सफल अम्यर्थियों का लिखित परीक्षा के आधार पर आयोग, अधियाचित रिक्तियों के अनुसार, सरकार द्वारा विहित आरक्षण कोटिवार एक अंतिम मेधा सूची तैयार करेगा एवं उसे प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार को नियुक्ति हेतु अनुशंसित करेगा।

(ii) बिहार राज्य के वन अंचलों में सम्बन्धित नियुक्ति पदाधिकारियों द्वारा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा विहित रीति से, आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जायेगी एवं उन्हें सेवाकालीन वृत्तीय प्रशिक्षण हेतु भेजा जायेगा।

(iii) नियुक्ति के पूर्व चयनित अभ्यर्थियों के संबंध में यह संपुष्टि कर ली जायेगी कि उनका आरक्षी विभाग से सत्यापन प्राप्त किया जा चुका है।

8. अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की विभाग में वनपाल के पद पर नियुक्ति ''परिवीक्षाधीन'' के रूप में होगी। उन्हें विभाग द्वारा निर्धारित अवधि एवं पाठ्यक्रम के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। परिवीक्षा अवधि दो वर्षों की होगी;

परंतु यह कि यदि कोई वनपाल परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरा नहीं करता है अथवा राज्य सरकार/विभाग द्वारा नियमानुसार निर्धारित प्रशिक्षण में उत्तीर्ण नहीं होता है, तो नियुक्ति पदाधिकारी उसकी परिवीक्षा अवधि को अधिकतम एक वर्ष तक बढ़ा सकेंगे एवं उन्हें प्रशिक्षण का पुनः एक अवसर देंगे, परन्तु यदि द्वितीय अवसर प्राप्त होने पर भी प्रशिक्षण में असफल पाये जायेगें तो उनकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

9. वानिकी से संबंधित विषयों का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा विहित किया जायेगा।

10. (i) परिवीक्षा अवधि में वनपाल को सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित वेतनमान एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

(ii) परिवीक्षा अवधि को सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर वनपाल की सेवा सम्पुष्टि नियम 7 ख (iv) में यथानिर्धारित प्रक्रियानुसार की जायेगी।

(ख) <u>प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति</u>

11. विभाग में सेवारत वनरक्षी ही वनपाल के पद पर प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के योग्य समझे जायेंगे।

12. वनरक्षी से वनपाल सम्वर्ग में प्रोन्नति हेतु विचार करने के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार के द्वारा एक विभागीय प्रोन्नति समिति का गठन किया जायेगा जिसके अध्यक्ष मुख्य वन संरक्षक, से अन्यून स्तर के पदाधिकारी होंगे।

13. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार के स्तर पर प्रत्येक वर्ष के दिसम्बर माह में वनपाल संवर्ग में प्रोन्नति द्वारा भरी जानेवाले रिक्तियों की गणना, आरक्षण कोटिवार, राज्य स्तर पर की जायेगी। तद्नुसार विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक कर प्रोन्नति पर विचार किया जायेगा।

14. वनपाल के पद पर प्रोन्नति हेतु वनरक्षी की पात्रता का विचार, वरीयता–सह–मेधा की नीति के आधार पर वनरक्षी के सेवा इतिहास एवं एतद्संबंधी सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित नियमों/परिपत्रों/अनुदेशों के आलोक में विचार किया जायेगा।

15. विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा प्रोन्नति हेतु योग्य पाये गये वनरक्षियों की सूची, वरीयता के अनुसार, प्रत्येक आरक्षण कोटि के लिए अलग–अलग तैयार की जायेगी एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार को उपबंध 17 के अनुसार प्रोन्नति एवं पदस्थापन के लिए अनुशंसित की जायेगी।

16. ऐसे वनरक्षी जो निलम्बित हों, अथवा जिनके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला विचाराधीन हो या विभागीय कार्यवाही संचालित हो, उनके मामले भी प्रोन्नति हेतु विचारण के योग्य समझे जायेंगे एवं विचारण उपरान्त निर्णय सीलबन्द लिफाफे में रखा जायेगा। परन्तु ऐसे वनरक्षियों का प्रोन्नति संबंधी अंतिम आदेश उनका निलम्बन समाप्त होने अथवा आपराधिक मामला या विभागीय कार्यवाही के निष्पादन में अन्तिम आदेश पारित होने पर जैसा भी मामला हो, के बाद ही निर्गत किया जा सकेगा।

17. विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा प्रोन्नति हेतु अनुशंसित वनरक्षियों का वनपाल के पद पर प्रोन्नति एवं पदस्थापन का आदेश प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा निर्गत किया जायेगा।

परिशिष्ट–'ग'

(नियम–11 देखें)

वर्दी एवं बैज तथा उन्हें धारण करने की अर्हत्तायें

(क) वर्दी

(अनुसूची–1 देखें)

क्र०	वर्दी की सामग्री	विवरण	वर्दी के अवयवों की माप का विवरण	किस पद के लिए	अभियुक्ति
1	शर्ट	खाकी टेरीकॉट कपड़े की पूरी बांह की हार्ड कॉलर कमीज। सीने पर दो पॉकेट, बटनयुक्त फ्लैप के साथ। पॉकेटों के बीच में पूरी लम्बाई में बॉक्स प्लीट। दोनों कंधो पर शोल्डर पट्टी/ फ्लैप, खाकी रंग के बटन के साथ। बाँयी पीठ पर बाँह के बगल में सीटी कॉर्ड हेतु बटनयुक्त लूप। दाहिने सीने की पॉकेट के उपर नेम प्लेट लगाने हेतु धागे के दो लूप।	पॉकेटः 6''लम्बाई, 5'' चौड़ाई, बॉक्स प्लीटः 1.25'' चौड़ाईं। पॉकेट फ्लैपः 5'' चौड़ाई, 2. 25'' गहराई, नीचे मध्य में बटन होल के साथ जिसके दोनों कोनों पर टिच बटन होंगे। शोल्डर फ्लैपः 5'' लम्बाई, कंधे पर 2.25'' चौड़ाई तथा गले के पास 1. 5'' चौड़ाई का होगा।	वनरक्षी एवं वनपाल (पुरूष/महिला)	
2	पैन्ट	खाकी टेरीकॉट कपड़े की पूरी लम्बाई का पैन्ट। बेल्ट लगाने हेतु खाकी कपड़े के चौड़े बटन युक्त लूप कमर के चारों ओर। दो सीधी साईड पॉकेट। एक फ्लैप एवं बटनयुक्त हिप–पॉकेट।	पैन्ट की निचले मोहरी की चौड़ाई 16'' से 18''		
3	साड़ी	खाकी टेरीकॉट कपड़े की	सामान्य माप	केवल महिला वनरक्षी एवं वनपाल	
4	ब्लाउज एवं पेटीकोट	खाकी टेरीकॉट कपड़े की पूरी बांह का हार्ड कॉलर ब्लाउज। दोनों कंधो पर शोल्डर फ्लैप, खाकी रंग के बटन के साथ। सीने पर दाहिनी ओर पॉकेट, बटनयुक्त फ्लैप के साथ। पॉकेट के बीच में पूरी लम्बाई में बॉक्स प्लीट। दायीं पीठ पर दायी ऊपरी बाँह के बगल में सीटी कॉर्ड हेतु बटनयुक्त लूप। पेटीकोट सुविधानुसार सूती/ टेरीकॉट खाकी कपड़े का	मापी अनुसार।		
5	स्वेटर	पूरी बाँह का उलेन खाकी स्वेटर, 'भी' (V)आकार का	सामान्य माप (लघु/मध्यम/वृहत)	1. वनरक्षी हेतु स्वेटर का एल्बो तथा शोल्डर पैच	

		गला एवं सीने पर दो फ्लैप एवं बटनयुक्त पॉकेट के साथ। कंधे पर शर्ट की शोल्डर फ्लैप निकालने हेतु कट (slits)। फ्लैप लगाने हेतु दोनो कन्धों पर खाकी रंग के बटन। प्रत्येक कंधे पर शोल्डर फ्लैप की पूरी लम्बाई में विहित रंग के कपड़े का शोल्डर पैच। दोनों कोहनियों पर विहित रंग के कपड़े का एल्बो पैच।		खाकी रंग का होगा। 2. वनपाल हेतु स्वेटर का एल्बो तथा शोल्डर पैच गहरे हरे (Bottle green) रंग के कपड़े का होगा।	
6	कैप (i)बैरेट कैप (Beret Cap)	खाकी/गहरे हरे (Bottle Green) रंग की। नीचे का किनारा चारों ओर से नेवी ब्लू (Navy Blue) रंग के मोटे कपड़े से सिला हुआ एवं बंद किया हुआ। सिर के पीछे की ओर दो छिद्र (Eye-lets) डोरी के साथ, कसने हेतु।	सामान्य माप	1. वनरक्षी हेतु खाकी रंग। 2. वनपाल हेतु गहरा हरा रंग।	
	(ii) पीक कैप Peak Cap)	गहरे हरे रंग की, सिर के चारों ओर डार्क टैन रंग की 1.5'' चौड़ी कड़े कपड़े की पट्टी, सही आकार बनाये रखने एवं ज्यादा कड़ेपन (Stiffness) के लिये। नीचे का किनारा चारों ओर से नेवी ब्लू (Navy Blue) रंग के मोटे कपड़े से सिला हुआ। डार्क टैन रंग की चौड़ी हार्ड पट्टी सामने की ओर, ललाट पर 1.5'' गोलाई का बैज लगाने हेतु धागे के दो लूप।	सामान्य माप	वे वनपाल जिन्होंने 20 वर्षो की सेवा पूरी कर ली हो अथवा सीधी भर्ती से नियुक्त वनपाल जिन्होंने 10 वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो (क्षेत्र में कार्य के दौरान बैरेट कैप धारण की जायेगी)।	
7	बेल्ट (i) चमड़े की	डार्क टैन रंग की चमड़े की बेल्ट, मेटल का हल्का गोलाई लिए हुए बेल्ट–बक्कल (Belt Buckle) के साथ। बक्कल के बीच में ''वन विभाग, बिहार'' का चिन्ह (Logo) होगा।	2'' – 2.25'' चौड़ाई की बेल्ट, जिसकी लम्बाई आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सके। बेल्ट बक्कल की लम्बाई 4.5'' (गोलाई के साथ) एवं चौड़ाई 2.5''। बीच में 1.5''–2'' व्यास का चिन्ह (Logo)।	वनरक्षी एवं वनपाल दोनों के लिए	
	(ii) कैनवास (canvas) की	खाकी रंग की कैनवास (canvas) जिसके सामने पीतल का हुक–नुमा बक्कल लगा होगा।	2''–2.25'' इंच चौड़ाई की बेल्ट। जिसकी लम्बाई आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सके।	वनरक्षी एवं वनपाल दोनों के लिए (क्षेत्र में कार्य के दौरान पहनने हेतु)।	
8	जूता (i) चमड़े का	डार्क टैन/काले रंग का (सामान्य हील एवं चमड़े के टो–कैप (Toe cap) के साथ)। पाँच जोड़ी फीता बांधने के छिद्र (eye-let),	हील की उँचाई 1''–1.5'' टो (Toe) गोलाकार	वनरक्षी हेतु काला/वनपाल हेतु डार्क टैन रंग	

	(ii) हन्टर कैनवास शू (Hunter canvas shoe)	खाकी/सैन्य हरे रंग का ऊँचा हन्टर कैनवास जूता, रबर सोल एवं रबर टो (Toe) के साथ।	सामान्य माप	वनरक्षी हेतु खाकी/ वनपाल हेतु सैन्य हरा (क्षेत्र में कार्य के दौरान पहनने हेतु)।	
9	मोजा	खाकी नायलोन–एक जोड़ा। खाकी वूलेन–एक जोड़ा	सामान्य माप	वनरक्षी/वनपाल दोनों के लिए	
10	ओवर कोट	खाकी मोटे गरम स्टैण्डर्ड कपड़े का, घुटने की लम्बाई तक। सीने पर दो पॉकेट, शर्ट के अनुरूप परन्तु कपड़े के अनुसार भिन्न माप की। कमर के साईड में दोनों ओर एक–एक खड़ी पॉकेट। बटनयुक्त शोल्डर स्ट्रैप, दोनों कंधों पर, शर्ट के अनुरूप। पीठ के बीचों–बीच उपर से नीचे की ओर गतिविधि में सुविधा हेतु रिवर्स बॉक्स प्लीट। कमर पर पॉकेट के उपर दोनों ओर एक–एक बटनयुक्त लूप (बेल्ट लगाने हेतु) एवं बेल्ट। चौड़े कॉलर जिन्हें आवश्यकतानुसार खड़ा कर जाड़े में गर्दन को ढकनें हेतु बटन से बंद–कर जोड़ा जा सके।	सामान्य फ्री साईज का ओवरकोट। 18''–25'' लम्बाई की रिवर्स बॉक्स प्लीट। सीने की पॉकेट 7'' लम्बाई, 6'' चौड़ाई। 2.5'' –3'' चौड़ा कॉलर।	वनरक्षी/वनपाल दोनों के लिए	
11	सीटी कार्ड एवं सीटी	सीटी कार्ड खाकी रंग की गोल गुंथी डोरी से निर्मित, आरक्षी पैटर्न के अनुरूप। इसे बांये कंधे पर पहना जायेगा। सीटी पुलिस द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली मेटल सीटी के अनुरूप होगी।	सामान्य माप	वनरक्षी / वनपाल दोनों के लिए	

(ख) बैज
(अनुसूची–1 देखें)

क्रमांक	बैज/चिन्ह	विवरण	माप	अभ्युक्ति
1	भुजा–चिह्न (Arm Logo)	समबाहु त्रिभुजाकार । यह दोनों बाजुओं पर कंधे के नीचे लगाया जायेगा। त्रिभुज का सबसे ऊपर का बिन्दु ऊपर की दिशा में होगा। यह गहरे पीले रंग के टेरीकॉट कपड़े का बना होगा। त्रिभुज के तीनों भुजायें गहरे हरे (Bottle Green) रंग के रेशमी धागे से कढ़ाई द्वारा लॉक की गयी होंगी। त्रिभुज की उपर की ओर जाने वाली दोनों भुजाओं पर क्रमशः	त्रिभुज की प्रत्येक भुजा की लम्बाई 3.5'' होगी। उसमें कढ़ाई किये गये अक्षरों की उँचाई 0.5'' होगी।	

		''बिहार'' एवं ''फॉरेस्ट'' गहरे हरे रंग के रेशमी धागे से कढ़ाई किया जायेगा। नीचे की भुजा, जो भूमि के समानान्तर होगी, पर ''वनरक्षी'' अथवा ''वनपाल'', जो लागू हो, उसी धागे से काढ़ा जायेगा। त्रिभुज के बीच में उसी रेशमी धागे से बेलपत्र का चित्र, तीन पत्तों एवं डंठल के साथ कढ़ाई किया रहेगा।		
2	स्कन्ध–बैज (Shoulder Badge)	यह सिल्वर मेटल (silver metal) का होगा और "BIHAR FOREST'' के ठोस अक्षरों से बना होगा जो परस्पर जुड़े होगें। ''BIHAR FOREST" में उपर की लाईन पर ''BIHAR'' तथा नीचे की लाईन पर "FOREST" के रूप में अक्षर जुड़े होगें। इसे शोल्डर स्ट्रैप पर बाँह के ठीक उपर लगाया जा सकेगा।	यह 1.5'' – 2'' लम्बाई तथा 0.75''–1'' उँचाई का होगा।	
3	स्कन्ध–पट्टी (Shoulder Ribbon)	यह लाल एवं हरे पट्टियों से बना होगा। इसे दोनो शोल्डर स्ट्रैप (Shoulder strap) पर स्कन्ध बैज के नीचे लगाया जायेगा। लाल रिबन गर्दन की ओर तथा हरा रिबन बाँह की ओर होगा।	0.75'' चौड़ा जिसमें दोनों रंग की पट्टियाँ शामिल हैं। इसकी लम्बाई शोल्डर स्ट्रैप की चौड़ाई के अनुरूप होगी।	
4	बैज (Badge)	यह सिल्वर मेटल (silver metal) का गोलाकार बैज होगा जिसमें दो सम केन्द्रीय वृत्त होंगे। उपर ''**वन विभाग**'' तथा नीचे ''**बिहार**'' ठोस अक्षरों में बाहरी वृत्त के ऊपरी तथा नीचले किनारे के बीच में अंकित रहेगा। अंदरूनी वृत्त के बीच में **अशोक चिन्ह** बना होगा। यह बैरेट कैप एवं पीक कैप पर सामने ललाट पर लगाया जायेगा। महिला वनरक्षी/वनपाल साड़ी पहनने की दशा में इसे साड़ी–पिन (brooch) की भांति साड़ी के पल्ले पर सामने की ओर लगा सकेंगी।	1.5'' बाहरी व्यास	
5	स्टार	यह पँचकोणीय स्टार (Star) सिल्वर मेटल (silver metal) से बना होगा, जिसे शोल्डर स्ट्रैप (Shoulder strap) में लगाया जायेगा।	1.5'' व्यास	
6	भुजा–पट्टी (Chevrons / Stripes)	यह गहरे हरे रंग की टेरीकॉट कपड़े से निर्मित पट्टी होगी। जिसका अगला छोर तीर की नोक के समान होगा तथा पिछला छोर तीर के पिछले भाग के समान	पट्टी की कुल लम्बाई (सामने की ओर के नोक को मिलाकर) 4.5'' होगी। इसकी चौड़ाई सभी ओर 1'' होगी। इसे दोनों बाँह पर	

		होगा। इसे भुजा–चिह्न के नीचे अर्हत्तानुसार एकल अथवा जोड़ी में दोनों बाहों पर पहना जायेगा। यह पूरी लम्बाई में भुजा–चिह्न की निचली भुजा के समानान्तर होगी। इसका तीर की नोक के समान अगला छोर सीने की ओर होगा।	आर्म लोगो से 1.5'' नीचे लगाया जायेगा। एक बाँह पर दो भुजा–पट्टी लगाने की दशा में उनके बीच 0.5'' की दूरी रखी जायेगी।	

(ग) वर्दी/बैज धारण करने की अर्हत्ता

क्र0	पद	सेवा अवधि	वर्दी एवं बैज धारण करने की अर्हत्ता
1	वनरक्षी	(i) परिवीक्षा अवधि के दौरान	वर्दी, भुजा–चिह्न, स्कन्ध–पट्टी, स्कन्ध– चिह्न एवं बैज (टोपी)।
		(ii) 10 वर्षों से कम	उपर्युक्त (i) के अतिरिक्त एक स्टार
		(iii) 10 वर्षों से 15 वर्षों तक	उपर्युक्त (ii) के अतिरिक्त एक भुजा–पट्टी
		(iv) 15 वर्षो से अधिक	उपर्युक्त (iii) के अतिरिक्त एक भुजा–पट्टी
2	वनपाल	(i) परिवीक्षा अवधि के दौरान	वर्दी, भुजा–चिह्न, स्कन्ध–पट्टी, स्कन्ध– चिह्न एवं बैज (टोपी)।
		(ii) 10 वर्षों से कम	उपर्युक्त (i) के अतिरिक्त दो स्टार
		(iii) 10 वर्षों से 15 वर्षों तक	उपर्युक्त (ii) के अतिरिक्त एक भुजा–पट्टी
		(iv) 15 वर्षो से 20 वर्षों तक	उपर्युक्त (iii) के अतिरिक्त एक भुजा–पट्टी
		(v) 20 वर्षो से अधिक	उपर्युक्त (ii) में अंकित प्रावधान के अतिरिक्त एक स्टार एवं पीक कैप* (*केवल समारोह/औपचारिक अवसरों पर)

अनुसूची – 1
(नियम 11, परिशिष्ट ''ग'' देखें)

(क) सीने की पॉकेट (शर्ट)



(ख) शोल्डर फ्लैप या शोल्डर स्ट्रैप



(ग) <u>ओवरकोट कॉलर</u>

(शर्ट की भॉति नीचे मोड़ कर)



(खड़ा कॉलर)



(घ) बेल्ट बक्कल



विवरणी:–

1) वृत्त के इस ऊपरी भाग में, सिल्वर मेटल के आनुपातिक आकार के अक्षरों में **''फॉरेस्ट''** अंकित होगा।

2) इस मध्य वृत्त में, सिल्वर मेटल के आनुपातिक आकार में **अशोक चिन्ह** अंकित होगा।

3) वृत्त के इस निचले भाग में, सिल्वर मेटल के आनुपातिक आकार के अक्षरों में **''बिहार''** अंकित होगा।

(ङ) भुजा–चिह्न



विवरणी:–

1) इस बॉक्स के स्थान पर, गहरे हरे रंग के रेशमी धागे से ''**बिहार''** को नीचे से उपर की ओर अनुपातिक ढंग से कढ़ाई की जायेगी।

2) इस बॉक्स के स्थान पर, गहरे हरे रंग के रेशमी धागे से ''**फॉरेस्ट''** को उपर से नीचे की ओर आनुपातिक ढंग से कढ़ाई की जायेगी।

3) इस बॉक्स के स्थान पर, गहरे हरे रंग के रेश्मी धागे से बायें से दाहिनी ओर, **''वनरक्षी''** या **''वनपाल''**, जो उपयुक्त हो, कढ़ाई किया जायेगा।

4) बेल के पत्ते एवं डंठल भी गहरे हरे रंग के रेशमी धागे से कढ़ाई किये जायेगे।

5) त्रिभुज के किनारों को गहरे हरे रंग के रेशमी धागे से कढ़ाई द्वारा लॉक किया जायेगा।

(च) <u>स्कन्ध–बैज</u>

(छ) <u>स्कन्ध–पट्टी</u>



(ज) <u>बैज</u>



<u>विवरणी</u>:–

1) वृत्त के इस उपरी भाग में सिल्वर मेटल के आनुपातिक अक्षरों में, ''**वन विभाग**'' वृत्ताकार रूप में अंकित होगा।

2) इस मध्य वृत्त में सिल्वर मेटल में आनुपातिक आकार में **अशोक चिन्ह** अंकित होगा।

3) वृत्त के इस निचले भाग में सिल्वर मेटल के आनुपातिक अक्षरों में, **''बिहार''** वृत्ताकार रूप में अंकित होगा।

(झ) <u>स्टार</u>



(ञ) <u>भुजा–पट्टी</u>



गहरा हरा रंग

<u>वर्दी एवं बैज पहनने का तरीका</u>



27 अगस्त 2013

सं0 वन अरा०स्था०–14/2012–**3061**/प०व०—बिहार अवर वन सेवा नियमावली, 2013 का अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार–राज्यपाल के प्राधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अधीन अंग्रेजी भाषा में इसका प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
दीपक कुमार सिंह,
सरकार के सचिव।

The 27th August 2013

No. Van Ara. Astha.- 14/2012**- 3060/**E&F**.—**In exercise of powers conferred by Proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Bihar is pleased to frame the following Rules to regulate the recruitment and other conditions of service of the cadres of Foresters and Forest Guards, under the Department of Environment and Forest.

1. *Short title, extent and commencement.*—(1) These Rules may be called the Bihar Subordinate Forest Service Rules, 2013.

(2) It shall extend to the whole of the State of Bihar.

(3) It shall come into force with effect from the date of publication in the Bihar Gazette.

2. *Definitions***.-** Unless there is anything repugnant to the context, in this Rules:-

(a) "Subordinate forest Service" includes Cadre of Forest Guards and Cadre of Foresters consisting of Forest Guards and Foresters respectively working in all the establishments under the control of the Environment and Forest Department, Bihar;

(b) "Forest Guard" means an employee of the cadre referred to in Rule 7 A, of these Rules;

(c) "Forester" means an employee of the cadre referred to in Rule 7 B of these Rules;

(d) "Appointing authority" means the authorities referred to in Rule 8 of these Rules;

(e) "Divisional Forest Officer" means an officer in charge of a forest division in the State of Bihar;

(f) "Conservator of Forest" means an officer in charge of a forest circle in the State of Bihar;

(g) "Probationer" means a person appointed under probation in the cadres of Forest Guard and Forester;

(h) 'Principal Chief Conservator of Forests', means an officer posted as Principal Chief Conservator of Forest and working as 'Head of the Force' in the Department of Environment and Forest, Bihar;

(i) "Commission" means the Bihar Staff Selection Commission or any other agency determined by the Department of Environment and Forest for appointment and related matters of personnel;

(j) State Government means the "Government of Bihar."

3. *Constitution of Service***.-** There shall be Subordinate Forest Service in the Environment and Forest Department, Bihar which shall include two cadres of employee :–

(a) Forest Guard;

(b) Forester

Provided that the State Government may determine the eligibility for including any category of employee other than above in these cadres.

4. *Cadre***.-** Both the cadres of foresters and forest guards shall be of state level which shall include all establishments under control of the Environment and Forest Department, Bihar.

5. *Reservation***.-** The provisions of the Bihar Reservation of vacancies in posts and services (for Scheduled Caste, Scheduled Tribe and other Backward Class) Act, 1991 and the Rules and roster there under as prescribed by the State Government from time to time shall be applicable for making appointment to and for granting promotions.

6. *Authorised strength of Cadre***.-** The authorised strength of cadres of foresters and forest guards shall be determined by the Environment and Forest Department, Bihar as per requirement. The persons already working on the posts of Forest Guards and Foresters would be included in their respective cadre strength to be determined.

7. *Appointment***.-** A- Appointment in the Cadre of Forest Guard :-

(i) Appointment in this cadre shall be made by direct recruitment.

(ii) The procedure, minimum educational qualification and eligibility for appointment shall be as contained in Appendix-A to these Rules.

(iii) The appointment shall be made on probation which shall be for two years. In case the service, evaluated on the basis of performance of work and conduct of the employee, appointed on probation is not found satisfactory and/or he/she does not successfully complete the in-service professional training under Rule 9 (i), the probation period may be extended by one year. If the service evaluated on the basis of performance of work and conduct of the employee, appointed on probation is not found satisfactory even during the extended period, he/she shall be discharged form service.

